प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

लोकसभा चुनाव

कांग्रेस ने मंडी संसदीय सीट से लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह जबकि शिमला संसदीय सीट से विनोद सुलतानपुरी को टिकट दिया है। केंद्रीय चुनाव समिति ने ये फैसला स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लिया है। प्रदेश की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव और 06 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर कल कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में ये निर्णय लिया गया। कांगड़ा तथा हमीरपुर संसदीय सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर मंथन चल रहा है।

.....

रवि ठाकुर

लाहौल स्पीति से भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार में अनदेखी व भाजपा की दूरदर्शी सोच को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में फ़िर से भाजपा की सरकार मोदी के नेतृत्व में बनेगी और लाहौल स्पिति का विकास सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की ऊर्जावान प्रतियाशी कंगना रणौत के नेतृत्व में क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

.....

मतदाता जगरूकता

मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू में कल स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर लाल सिंह की अध्यक्षता में नए मतदाताओं के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को वोट के महत्त्व की जानकारी दी गई। युवाओं को बताया गया कि लोकतांत्रिक देश में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान करना चाहिए। एक–एक वोट देश का भविष्य तय करता है। इस दौरान युवाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई तथा नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया।

.....

डॉ. आंबेडकर जयंती

राष्ट्र आज भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य समारोह संसद भवन परिसर में होगा जहां बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर लोगों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे, जिन्होंनें एक न्यायविद, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनेता के रूप में देश और समाज के लिए असाधारण योगदान दिया। उपराष्ट्रति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि डॉक्टर आंबेडकर भारत के महान सपूत थे जिन्होंने न सिर्फ भारतीय संविधान के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि वे सामाजिक न्याय के भी प्रबल समर्थक थे।

.....

संदेश

हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आज रात 8 बजे आकाशवाणी शिमला से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। ये संदेश आकाशवाणी शिमला, एफ.एम शिमला, एफ .एम हमीरपुर, एफ.एम. धर्मशाला और आकाशवाणी शिमला के सभी रिले केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा। वहीं दूरदर्शन केंद्र शिमला से ये संदेश आज शाम साढ़े सात बजे प्रसारित होगा।

.....

नवरात्र

चैत्र नवरात्रे के छठे दिन आज माँ कात्यायनी के स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। माता ने अपने इस पुत्री स्वरूप से पिता के कुल की रक्षा का संदेश दिया है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है और भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

.....

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज घने बादल छाये हुए हैं। मौसम के इस मिजाज से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश में फिर से बारिश के आसार हैं।

.....

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने मंडी व शिमला लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है– मंडी से कंगना के सामने विक्रमादित्य तो शिमला से कश्यप को चुनौती देंगे सुल्तानपुरी। अमर उजाला का शीर्षक है–मंडी में कंगना के सामने विक्रमादित्य शिमला से विनोद कांग्रेस के प्रत्याशी। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–मंडी से विक्रमादित्य, शिमला से सुल्तानपुरी–कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी ने दो सीटों पर फाईनल किए प्रत्याशी, कांगड़ा हमीरपुर पर फैसला अटका। हिमाचल दस्तक के अनुसार– कंगना रणौत का मुकाबला विक्रमादित्य से सुरेश कश्यप के सामने विनोद सुल्तानपुरी।

दालों की जमाखोरी करने पर होगी कठोर कार्रवाई शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–सरकार की तैयारी, घरेलू बाजार में उपलब्धता बढ़ाने और कीमतें काबू में रखने के लिए बढ़ाया जाएगा आयात।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–बिजली सब्सिडी पर करना पड़ सकता है पुनर्विचार– आदर्श आचार संहिता के बाद सरकार करेगी इस पर मंथन।

कुरियर से चिट्टे की सप्लाई करने वाला तस्कर शिमला से अरेस्ट, पुलिस ने कॉल डिटेल से पकड़ा दुर्गापुर का युवक दैनिक भास्कर की सुर्खी है।

आपका फैसला की एक खबर है–3 मई को धर्मशाला पहुंचेगी पंजाब किंग्स इलेवन टीम।